आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–31 अगस्त 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें से एक वन्दे भारत ट्रेन मेरठ से लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के बीच चलेगी। इस ट्रेन का विधिवत संचलन कल से लखनऊ से मेरठ और तीन सितंबर से मेरठ से लखनऊ के बीच होने लगेगा। उत्तर रेलवे प्रशासन की तरफ से दी गयी जानकारी के अनुसार यह ट्रेन मंगलवार को छोड़कर पूरे हफ्ते चलेगी। वंदे भारत ट्रेन लखनऊ से दोपहर दो बजकर पैंतालिस मिनट पर रवाना होगी और सवा सात घंटे में रात दस बजे मेरठ पहुंचेगी। लखनऊ से चलने के बाद यह ट्रेन बरेली और मुरादाबाद में रुकेगी। मेरठ से यह ट्रेन सुबह छः बजकर पैंतीस मिनट पर रवाना होगी। वन्दे भारत ट्रेनों के शुभारम्भ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मेरठ–लखनऊ वन्दे भारत ट्रेन पश्चिम यूपी के लोगों के लिये बड़ी खुशखबरी है। इससे मेरठ सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली से लखनऊ की दूरी और कम हो जायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर वन्दे भारत ट्रेन की सौगात देने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

****

प्रदेश के सड़सठ जिलों में कुल पांच दिनों तक चली उत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षी भर्ती परीक्षा आज सम्पन्न हो गयी। परीक्षा को देखते हुए प्रदेश सरकार की ओर से आज भी रोडवेज के बसों में अभ्यर्थियों द्वारा एडमिट कार्ड दिखाने पर निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था दी गई। परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर कड़े इंतजाम किये गये। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के निर्देश पर नकल माफियाओं पर नजर रखने के लिये एसटीएफ, स्थानीय पुलिस और साइबर क्राइम की टीम पूरी तरह से मुस्तैद रही। साथ ही कंट्रोल रूम से भी परीक्षा केन्द्रों पर नजर रखी गयी।

****

गोरखपुर में बने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सैनिक स्कूल का लोकार्पण उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे। सैनिक स्कूल के लोकार्पण के लिये सात सितम्बर की तारीख निर्धारित की गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में होने वाले लोकार्पण समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहेंगी। गोरखपुर के खाद कारखाना परिसर में बने सैनिक स्कूल में पहली जुलाई से कक्षाओं का संचलन प्रारम्भ हो चुका है। यह उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल सोसाइटी की तरफ से संचालित प्रदेश का दूसरा सैनिक स्कूल है।

****

एशिया के पहले राजगिद्ध संरक्षण और प्रजनन केन्द्र का उद्घाटन छः सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। जटायु के नाम से यह संरक्षण केन्द्र गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज क्षेत्र में बना है। तेजी से विलुप्त हो रहे राज गिद्धों के संरक्षण और उनकी संख्या बढ़ाने के लिये यह केन्द्र स्थापित किया गया है। यहां अब तक छः राजगिद्धों को संरक्षण और प्रजनन के लिये लाया जा चुका है।

****

केन्द्र सरकार द्वारा गरीब परिवारों के लिये दो करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास देने की योजना को मंजूरी दी गयी है। अब प्रदेश में इस योजना का लाभ पात्र गरीबों तक पहुंचाने के लिये जिले स्तर पर सर्वे शुरू किया गया है। इस सम्बन्ध में आज वाराणसी में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने कहा कि जो भी ग्रामीण पहले हुए सर्वे में छूट गये हों वे इस बार के सर्वे में भाग लेकर अपना पंजीकरण करा लें। सर्वे का कार्य ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव के माध्यम से हो रहा है।

****

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ ने प्रदेश सरकार और बेसिक शिक्षा परिषद को वर्ष दो हजार अट्ठारह में शुरू की गयी अड़सठ हजार पांच सौ सहायक शिक्षक भर्ती के रिक्त सत्ताइस हजार सात सौ तेरह पदों के लिये दो माह के भीतर परीक्षा कराने पर कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। हाईकोर्ट ने कहा है कि यह परीक्षा कराने में कोई बाधा हो तो इसकी जानकारी अखबारों में प्रकाशित करायी जाए।

****

राज्यपाल की संस्तुति पर पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग का गठन किया है। पूर्व सांसद राजेश वर्मा को इस आयोग का अध्यक्ष और सोहन लाल श्रीमाली तथा सूर्य प्रकाश पाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस आयोग में गोरखपुर निवासी चिरंजीव चौरसिया, आरडी सिंह, रविन्द्र मणि। कुशीनगर के फूलबदन कुशवाहा, महराजगंज के जनार्दन गुप्ता और मऊ के विनोद यादव को आयोग का सदस्य नामित किया गया है।

****

विमुक्त और धुमंतू जातियों को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने के उद्देश्य से आज विमुक्ति जाति दिवस मनाया जा रहा है। इसे लेकर आज राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मऊ जिले के नगरपालिका सभागार में श्रम औरं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने विमुक्ति जाति दिवस कार्यक्रम में कहा कि है प्रदेश सरकार ने विमुक्त जाति से संदर्भित एक सर्वे कराने का फैसला लिया है जिससे इस जाति के लोगों का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आकलन हो सके।

****